# सोनभद्र में 1120 मेगावाट का पंप स्टोरेज पावर प्लांट मंजूर

अमर उजाला ब्यूरो

## 6119 करोड़ रुपये का होगा निवेश, 275 हेक्टेयर वन भूमि में लगेगा प्लांट

लखनऊ। राज्य सरकार ने सोनभद्र में 1120 मेगावाट के नए पंप स्टोरेज पावर प्लांट की स्थापना से जुड़े प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। अवाडा वाटर बैटरी कंपनी इस प्रोजेक्ट की स्थापना राबर्ट्सगंज तहसील के चिचलिक गांव में करेगी। इसके लिए 275 हेक्टेयर वन भूमि दी जाएगी। प्रोजेक्ट पर 6119 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

सरकार प्रोजेक्ट के लिए सोन नदी से आवश्यक जल का आवंटन करेगी। जल आवंटन व पुनर्भरण की व्यवस्था की प्रक्रिया तय की जाएगी। जल निकासी की अनुमति सिर्फ बाढ़ की अवधि में तथा सिंचाई विभाग के अनुमोदन के बाद दी जाएगी। सैद्धांतिक सहमति के बाद कंपनी निजी संस्थाओं के जरिए अपने खर्च पर राज्य सरकार की सहायता से भूमि अधिग्रहण कर सकेगी। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कंपनी को शर्तों के साथ सैद्धांतिक

### हर प्रदेशवासी को निर्बाध बिजली देने की तैयारी

लखनऊ। प्रदेश के हर उपभोक्ता को निर्बाध बिजली देने की तैयारी है। व्यवस्था में सुधार के लिए करीब एक लाख करोड़ रुपये का कार्य चल रहा है। उप्र पावर कॉर्पोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने बताया कि प्रदेश में स्मार्ट मीटरिंग के तहत मार्च 2025 तक 18,885.48 करोड़ रुपये से लगभग 2.69 करोड़ कंज्यूमर मीटर, 15.26 लाख डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर (डीटी) और 20 हजार फीडर मीटर की स्थापना का लक्ष्य है। प्रदेश में लगभग 100 करोड़ रुपये से 29 परियोजनाएं चल रही हैं। ब्यूरो

रोजगार मिलेगा। बता दें कि ग्रीनको ग्रुप एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी लिमिटेड और टोरेंट पावर लिमिटेड की पंप